समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: 12 पदक जीतने के बावजूद भारत की रैंकिंग गिरी, जानिए मेडल टैली का गणित

Sanket Morankar Published on 29 Jul 2026

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के छठे दिन भारत ने दो और रजत पदक जीतकर अपने कुल पदकों की संख्या **10 से बढ़ाकर 12** कर ली। इनमें एक सिल्वर वेटलिफ्टिंग और दूसरा एथलेटिक्स में **गुलवीर सिंह** के शानदार प्रदर्शन के जरिए मिला। इसके बावजूद पदक तालिका में भारत की रैंकिंग सुधरने के बजाय **8वे से 9वे स्थान** पर खिसक गई।

भारत के खाते में अब **2 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य** सहित कुल **12 पदक** हैं। हालांकि, पदक तालिका में स्थान तय करने का पहला आधार कुल पदकों की संख्या नहीं, बल्कि **स्वर्ण पदकों की संख्या** होती है। यही कारण है कि अधिक कुल पदक होने के बावजूद भारत पीछे चला गया।

छठे दिन **न्यूजीलैंड** ने दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी गोल्ड मेडल संख्या बढ़ाई और भारत को पीछे छोड़ते हुए **8वे स्थान** पर पहुंच गया। इसी तरह **नाइजीरिया** के भी 12 पदक हैं, लेकिन उसके खाते में **6 स्वर्ण पदक** होने के कारण वह पदक तालिका में **5वे स्थान** पर बना हुआ है।

## छठे दिन के बाद भारत का प्रदर्शन

- **स्वर्ण:** 2
- **रजत :** 7
- **कांस्य :** 3
- **कुल पदक :** 12
- **रैंकिंग :** 9वां स्थान

### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: टॉप-10 पदक तालिका (छठे दिन के बाद)

| रैकं | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 35 | 18 | 27 | 80 |
| 2 | कनाडा | 13 | 10 | 12 | 35 |
| 3 | इंग्लैंड | 10 | 18 | 15 | 43 |
| 4 | स्कॉटलैंड | 7 | 4 | 4 | 15 |
| 5 | नाइजीरिया | 6 | 4 | 2 | 12 |
| 6 | मलेशिया | 5 | 2 | 3 | 10 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 7 | 5 | 16 |
| 8 | न्यूजीलैंड | 3 | 7 | 3 | 13 |
| 9 | **भारत** | **2** | **7** | **3** | **12** |
| 10 | जमैका | 2 | 0 | 0 | 2 |

भारत के लिए अब आने वाले मुकाबलों में **स्वर्ण पदकों की संख्या बढ़ाना** सबसे बड़ी चुनौती होगी। यदि भारतीय खिलाड़ी अधिक गोल्ड जीतने में सफल रहते हैं, तो पदक तालिका में टीम इंडिया की रैंकिंग में भी सुधार देखने को मिल सकता है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.